MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -4 अंक -3 मंदसौर, 8 जूलाई 2026 बुधवार से 14 जूलाई 2026 तक पृष्ठ -4 कीमत 2 रू.

## चंदवासा-मेलखेड़ा मार्ग के कायाकल्प की शुरुआत- 34 करोड़ की लागत से बनने वाली नवीन सड़क का जनप्रतिनिधियों ने किया भूमिपूजन

चंदवासा (मन्दसौर)। क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों को गति देते हुए मंगलवार को चंदवासा-मेलखेड़ा मार्ग के नवनिर्माण और कायाकल्प कार्य का भव्य शुभारंभ हुआ। क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर 34 करोड़ रुपए की भारी-भरकम लागत से बनने वाली इस नवीन सड़क का भूमिपूजन किया गया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत से संपूर्ण क्षेत्र के नागरिकों और ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई है।





स्थानीय संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस गरिमामयी विकास कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख राजनेताओं और जननायकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरदीपसिंह डंग, गरोठ विधानसभा क्षेत्र के विधायक चन्द्रसिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार तथा शामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव, गरोठ नप अध्यक्ष राजेश सेठिया,मंडल महामंत्री दरबार सिंह पंवार, चंदवासा सरपंच गोविंदसिंह मेलखेड़ा सचपंच राजेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

मंच से लोकप्रिय विधायक हरदीप सिंह डंग सहित जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया

सभी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर जनहितैषी और हितग्राही मूलक योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग का कल्याण कर रही है। उन्होंने लाड़ली बहना योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसी क्रांतिकारी योजनाओं का जिक्र किया अन्य वक्ताओं ने दोनों क्षेत्रीय विधायकों का विशेष आभार व्यक्त किया, जो भोपाल स्तर पर लगातार संघर्ष कर क्षेत्र के विकास के लिए इतनी बड़ी सौगातें लेकर आ रहे हैं। इस महत्वपूर्ण सड़क मार्ग के निर्माण से चंदवासा और मेलखेड़ा सहित आसपास के दर्जनों गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, जिससे न केवल सुगम यातायात सुनिश्चित होगा बल्कि क्षेत्र के व्यापारिक और सामाजिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमुदाय ने इस बड़ी सौगात के लिए प्रदेश सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी गरोठ पहुंचेंगे-8-लेन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे कॉरिडोर का दौरा, मुकुंदरा टनल का भी उद्घाटन करेंगे

गरोठ। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी बुधवार (8 जुलाई) को गरोठ आ रहे हैं। अपने इस दौरे के दौरान वे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के तहत बनाए गए अत्याधुनिक 8-लेन कॉरिडोर का निरीक्षण करेंगे। केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जारी शेड्यूल के मुताबिक, मंत्री नितिन गडकरी बुधवार रात करीब 8:30 बजे तक गरोठ 8-लेन पहुंचेंगे। वे एक्सप्रेसवे पर बने आधुनिक सुख-सुविधाओं से लैस रेस्ट एरिया में रात्रि विश्राम (रुकेंगे) करेंगे।

एनएचएआई के टोल मैनेजर अनुराग यादव ने बताया कि इस वीआईपी दौरे को लेकर एनएचएआई (NHAI) के चेयरमैन ने खुद गरोठ पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों का आखिरी जायजा लिया है।

इसके अगले दिन यानी गुरुवार को केंद्रीय मंत्री मुकुंदरा टाइगर हिल्स धरा में बनी बेहद खास टनल (सुरंग) का उद्घाटन भी करेंगे।

### गरोठ और मालवा क्षेत्र के लिए क्यों खास है यह कॉरिडोर?

इस 8-लेन कॉरिडोर के शुरू होने से गरोठ समेत पूरे नीमच-मंदसौर क्षेत्र से दिल्ली, मुंबई और इंदौर की दूरी काफी कम हो गई है। इस एक्सप्रेसवे की बदौलत यह पूरा इलाका एक बड़े लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित हो सकेगा, जिससे समय और पेट्रोल-डीजल दोनों की बड़ी बचत होगी।



एक्सप्रेसवे पर बने टोल प्लाजा और अत्याधुनिक रेस्ट एरिया के संचालन से स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिल रहा है, जिससे क्षेत्र के व्यापार को नई रफ्तार मिलेगी।

### सुरक्षा के कड़े पहरे, अफसर संभालेंगे मोर्चा

8-लेन कॉरिडोर और रेस्ट एरिया के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा कारणों के चलते वीआईपी मूवमेंट के दौरान कुछ समय के लिए ट्रैफिक रूट (यातायात मार्ग) में भी बदलाव किया जा सकता है।

कल तैयारियों को मुस्तैद रखने के लिए मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग, सीतामऊ एसडीएम, गरोठ एसडीएम राहुल चौहान और भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहेगा।

मंत्री के रुकने और भोजन की व्यवस्थाओं के लिए सभी विभागों को अलर्ट कर दिया गया है। प्रशासन ने यह भी सूचित किया है कि यदि कोई स्थानीय रहवासी या सामाजिक संगठन मंत्री को किसी समस्या के सिलसिले में ज्ञापन सौंपना चाहता है, तो वे समय रहते अपनी तैयारी पूरी कर लें।

## आपसी भिड़ंत में दो पहिया वाहन चालक एवं साथी की मौत

### चार पहिया वाहन चालक मौके से हुआ फरार

भानपुरा । भानपुरा तहसील के गांव सुनारी के पास सुनारी चौराहा पर चार पहिया वाहन क्रमांक RJ17U C2414 और दो पहिया वाहन क्रमांक स्क्का4हस्न7978 की आपसी भीड़त में दो पहिया वाहन चालक की मौके पर मौत हो गई और दो पहिया वाहन चालक पर सवार एक अन्य व्यक्ति का पैर कट गया एवं चार पहिया वाहन चालक मौके से फरार हो गया । सूचना मिलने पर भानपुरा पुलिस द्वारा शव को सिविल हॉस्पिटल भानपुरा लाया गया एवं घायल को भानपुरा से झालावाड़ रेफर किया गया । प्राप्त जानकारी अनुसार दो पहिया वाहन चालक गोविंद पिता बालाराम गायरी उम्र 25 वर्ष निवासी देवनगर नावली की इस भिड़ंत में मौके पर मौत हो गई एवं दोपहिया वाहन पर सवार अन्य युवक भैरू पिता मोतीलाल उम्र 20 वर्ष निवासी गांव देवनगर नावली की भानपुरा सिविल अस्पताल से रेफर करने के दौरान बीच रास्ते में ही मौत हो गई । गरोठ - भानपुरा रोड बनाते समय सुनारी चौराहे पर चौड़ीकरण करने के बावजूद भी एक्सीडेंट की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है । जिम्मेदार अधिकारियों को चाहिए कि वह चौराहे के दोनों और स्पीड ब्रेकर एवं साइन बोर्ड लगाए जिससे कि तेज गति से चलने वाले वाहनो की गति स्पीड ब्रेकर के कारण धीमी हो सके एवं भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाएं देखने को ना मिले ।



# संपादकीय

## ऊर्जा संकट और मोदी सरकार

पश्चिम एशिया में युद्ध संकट के दौरान भारत ने जिस तरह ऊर्जा सप्लाई के संकट का सामना किया और देश में ईंधन, पैट्रोल व डीजल सहित गैस की आपूर्ति को सुनिश्चित किया वह वास्तव में नीतिगत स्तर से लेकर व्यावहारिक स्तर तक नागरिकों की समस्याओं को समाधान करने वाला था। अतः इस कथन में जरा भी अतिशयोक्ति नहीं है कि 21वीं सदी के अभी तक के इस सबसे बड़े ऊर्जा संकट के समय सत्तारूढ़ मोदी सरकार ने बहुत संयम और धैर्य से काम लेते हुए अपने कूटनीतिक सम्बन्धों के जरिये पैट्रोल व डीजल सहित ईंधन गैस की सप्लाई के वैकल्पिक मार्ग खोजते हुए भारत के लोगों को वे कष्ट नहीं होने दिये जो विश्व के अन्य देशों के लोग झेल रहे थे। ईरान- इजराइल व अमेरिका युद्ध के दौरान सरकार ने एक तरफ देश के हर पैट्रोल पंप पर पैट्रोल व डीजल की निर्बाध सप्लाई सुनिश्चित की और दूसरी तरफ इनके खुदरा दामों को भी नहीं बढ़ने दिया। हालांकि ईंधन गैस सप्लाई के मोर्चे पर कुछ दिक्कतें आयीं और इसकी सप्लाई में भी देश के सुदूर क्षेत्रों में अवरोध पैदा हुए और कुछ दाम भी बढ़ाने पड़े परन्तु कमोबेश तरीके से इस पर भी नियन्त्रण रखने की पूरी कोशिश की गई। इसलिए प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी का यह कहना पूरी तरह तार्किक है कि 'संकट के समय भारत की कूटनीति का जलवा दिख गया। दूसरे देशों के साथ अच्छे सम्बन्ध ही संकट की घड़ी में बहुत काम आये'। श्री मोदी ने ये शब्द तब कहे जब वह बीते दिन राजस्थान के बलोत्तरा संभाग के पचपदरा में देश के पहले ग्रीन फील्ड एकीकृत तेल शोधन व पैट्रोकेमिकल परियोजना परिसर को देश को समर्पित कर रहे थे। इस परियोजना के चालू होने से भारत विश्व का चौथा ऐसा सबसे बड़ा देश हो जायेगा जिसकी तेल परिशोधन की क्षमता सर्वाधिक है जबकि दूसरी तरफ भारत अभी भी अपनी ऊर्जा सप्लाई की जरूरत 80 प्रतिशत आयात करके ही करता है। इसका मतलब यह निकलता है कि भारत कच्चे तेल के परिशोधन के मामले में दुनिया का एक बड़ा केन्द्र होने में तेजी से अग्रसरित हो रहा है। जहां तक भारत की कूटनीति का प्रश्न है तो पश्चिम एशिया युद्ध के समय देश के विपक्षी दलों व इनके नेताओं ने मोदी सरकार की विदेश नीति की कटु से कटुतम आलोचना यहां तक की कि इसे अमेरिका का पिछलग्गू तक बता दिया परन्तु मोदी सरकार ने इस सबकी परवाह न करते हुए ऊर्जा सप्लाई के अन्य वैश्विक स्रोतों को खोजा और फारस की खाड़ी के समुद्री मार्ग के बन्द होने के बावजूद उनसे कच्चे तेल की सप्लाई के अन्य समुद्री मार्ग खोले। युद्ध से पहले जहां भारत लगभग 25 देशों से तेल का आयात करता था वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 45 के लगभग हो गई है। इसके समानान्तर युद्ध की वजह से अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के अनाप-शनाप दाम बढ़ने की वजह से घरेलू बाजार में पैट्रोल व डीजल के भाव बढ़ने का खतरा अलग से था जिसे केन्द्र सरकार ने उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कमी करके सन्तुलित करने का प्रयास इस तरह किया कि पैट्रोल पंपों पर इनके दाम स्थिर बने रहें। घरेलू बाजार में दाम स्थिर रखने की कवायद में भारत की तेल कम्पनियों को हालांकि 75 हजार करोड़ रुपये का नुक्सान हुआ परन्तु सरकार ने इसका भार उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ने दिया और छिटपुट रूप से ही पैट्रोल व डीजल के दाम बढ़ाये तथा इनकी निर्बाध सप्लाई जारी रखी। श्री मोदी इस बाबत यह कहने से नहीं चूके कि जब भारत के लोग पश्चिम एशिया के संकट से जूझ रहे थे तो कुछ राजनैतिक दल व नेता लोगों में घबराहट पैदा करने व उन्हें भड़काने के काम में लगे हुए थे और उनमें असुरक्षा की भावना को बल दे रहे थे परन्तु उनकी सरकार की नीतियों व जमीनी व्यावहारिक कदमों की वजह से ऐसा नहीं हो सका और विरोधियों को मुंह की खानी पड़ी। इसका प्रमुख कारण यह है कि श्री मोदी की सरकार की नीतियां सामान्यतः जन कल्याण को केन्द्र में रख कर बनाई जा रही हैं। अर्थव्यवस्था के इस बाजारीकरण के दौर में 'कल्याणकारी राज' की संवैधानिक परिकल्पना को मूर्त रूप देना आसान काम नहीं है ।

# मिनी ट्रक से 88 किलो डोडाचूरा जब्त, हिमाचल प्रदेश के दो तस्कर गिरफ्तार

मंदसौर। जिले की नारायणगढ़ पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मिनी ट्रक से 88 किलोग्राम पिसा हुआ अवैध डोडाचूरा जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में हिमाचल प्रदेश के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिंह बघेल एवं मल्हारगढ़ एसडीओपी कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र कुमार पवार के नेतृत्व में यह कार्रवाई रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान की गई।

पुलिस टीम ने नारायणगढ़-पिपलिया मंडी रोड स्थित बरखेड़ा



विरपुरिया फंटे पर चेकिंग के दौरान एसएमएल कंपनी के सरताज जीएस मिनी ट्रक क्रमांक HP-93- a-8885 को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक में रखे चार प्लास्टिक के कट्टों से 88 किलोग्राम पिसा हुआ डोडाचूरा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 1.76 लाख रुपये बताई गई है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिनेश शर्मा उम्र 40 निवासी ग्राम ओखु, तहसील नालागढ़, जिला सोलन हिमाचल प्रदेश तथा अमृतलाल शर्मा उम्र 36 निवासी आदुवाल, तहसील नालागढ़, जिला सोलन हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से डोडाचूरा के अलावा करीब 12 लाख रुपये कीमत का मिनी ट्रक, 20 हजार रुपये कीमत के दो एंड्रॉयड मोबाइल तथा ट्रक में रखा लगभग 8 लाख रुपये मूल्य का घरेलू सामान भी जब्त किया है। इस संबंध में थाना नारायणगढ़ में अपराध क्रमांक 217/2026 के तहत धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि अवैध डोडाचूरा कहां से लाया गया था और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था। मामले में तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।


ट्रेवल्स
अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन

मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा






दूध डेयरी का सामान



डेयरी
संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।



साथ ही



आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।



L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268






प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड



हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।






चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक



# भानपुरा गांधीसागर रोड पर उत्पाद मचाते हुए व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार



भानपुरा । भानपुरा तहसील के गांधीसागर रोड पर नशे की हालत में उत्पात मचाने और गाड़ियों के कांच फोड़ने का एक मामला सामना आया है । प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी तूफान मीणा द्वारा नशे की हालत में गांधीसागर भानपुरा रोड के निकट संग्राम घाटे के पास जाम लगाकर रोड पर आ रही पिकअप के फ्रंट कांच को पत्थर मारकर नुकसान पहुंचा दिया और दूसरी गाड़ियों को भी रोका जिसके कारण जाम की स्थिति बन गई । सूचना मिलने पर भानपुरा थाना की डॉयल 112 के द्वारा कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर नशे की हालत में उत्पात मचा रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया और गांधीसागर रोड को सुचारू रूप से वापस चालू किया गया एवं भानपुरा पुलिस द्वारा आरोपी को थाने पर लाने के बाद अग्रिम कार्यवाही की गई ।


Cure With Care
सरदार पटेल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
आपके शहर शामगढ़ में एक मात्र मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जहाँ सम्पूर्ण सुविधाओं के साथ वरिष्ठ डॉक्टर द्वारा उपचार प्रतिदिन किया जाता है।
24/7 EMERGENCY SERVICE
डॉ. राशी चौबे
MBBS, M.S. (obs.& Gynaecologist)
वरिष्ठ महिला एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ–
✲ गर्भवती महिलाओं की सम्पूर्ण जांच एवं उपचार।
✲ 24 घण्टे नार्मल एवं सिजेरियन (L.S.C.S.) डिलेवरी की सुविधा।
✲ स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन व ईलाज।
✲ किशोरावस्था से Menopause तक सभी प्रकार की स्त्री एवं प्रसुती रोग।
✲ निःसंतानता, बांझपन, सफेद पानी लूकोरिया, महामारी की अनियमितता।
✲ बार बार गर्भ गिरना, गर्भाशय की सूजन, योन रोग, गर्भाशय व अण्डकोष की गांठ आदि का सम्पूर्ण ईलाज।
✲ स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन जैसे – बच्चेदानी का ऑपरेशन, गठान का ऑपरेशन, नसबंदी का ऑपरेशन।
✲ अंडाशय की गठान, नस में ठहरा हुआ बच्चा।
✲ परिवार नियोजन परामर्श।
✲ पूर्णतया प्रशिक्षित स्टॉफ की सेवाएँ। ✲ जोड़ो का दर्द, कंधो का जाम, कमर, रीढ़ की हड्डी का दर्द ब्रेन ट्यूमर, साईटिका, मांसपेशियों का खिंचाव, सुन्नपन, सभी प्रकार की फिजियोथेरेपी की जाती है।
✲ फिजियोथेरेपी, बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर बिमारियों का ईलाज।
✲ शल्य चिकित्सा संबंधी जैसे –
हर्निया / पाईल्स / फिशर / फिस्टूला / अपेडिक्स / प्रोस्टेट
कलर सोनोग्राफी / कम्प्यूटराईज्ड लेब / ICU / ECG
एंबुलेंस / मेडिकल / जनरल वार्ड / वातानुकुलित कॉटेज
ऑपरेशन थिएटर / Digital X-ray / 3D/4D सोनोग्राफी
मल्टी स्पेशलिटी – ✲ जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ ✲ जनरल सर्जन विशेषज्ञ ✲ हड्डी रोग विशेषज्ञ
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें – 9630656224
पता – 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामगढ़, जिला– मंदसौर (म.प्र.) कोड नं. 458883


# जिला जेल मंदसौर में योग और आयुर्वेद प्रशिक्षकों का सम्मान, प्रभारी जेल अधीक्षक ने सौंपे प्रशस्ति पत्र



मंदसौर। जिला जेल के प्रभारी अधीक्षक श्री यशवंत मांझी द्वारा जेल में बंदियों को निरंतर योग व ध्यान का प्रशिक्षण देने के लिए पतंजलि योग गुरु श्री बंशीलाल टांक, योग-आयुर्वेद प्रशिक्षक श्री ब्रजमोहन सोनी तथा उनके सहयोगी श्री हितेश सोनी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला जेल मंदसौर में निरुद्ध बंदियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के उद्देश्य से व बंदियों को तनावमुक्त रखने और जेल से रिहा होने के बाद समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए जेल परिसर में समय-समय पर श्री टांक व श्री सोनी के माध्यम से योग, ध्यान और आयुर्वेद के सत्र आयोजित किए जाते हैं, ताकि वे भविष्य में पुनः किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों की ओर न मुड़ें। इस अवसर पर एक सुखद संयोग यह भी रहा कि 5 जुलाई को योग गुरु बंशीलाल टांक और ब्रजमोहन सोनी दोनों का जन्मदिन था, जिस पर प्रभारी अधीक्षक श्री मांझी ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। श्री मांझी ने प्रशस्ति पत्र के माध्यम से दोनों प्रशिक्षकों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जेल में कैदियों के स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण के लिए नियमित रूप से आसन व ध्यान कराने का यह कार्य बेहद सराहनीय है, जिसके लिए जेल प्रबंधन उनकी इस सेवा की सराहना करता है।


NOBLE
Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally Accounting Course only 45 Days
संचालक
राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh



गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगीरिया रोड़ शामगढ़



शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दुध, घर से घर तक
Amul DOODH
Now in SHAMGARH
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता ओम दूध डेयरी
नगर परिषद काम्पलेक्स, शामगढ़

# नाले से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

## इप्का गेस्ट हाउस के पीछे झाड़ियों में औंधे मुंह पड़ा था; शिनाख्त नहीं हो पाई

रतलाम। इप्का गेस्ट हाउस के पीछे स्थित नाले से सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। शव झाड़ियों के बीच नाले के पानी में औंधे मुंह पड़ा था। सूचना मिलते ही स्टेशन रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शव सिटी फोरलेन स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय से कुछ दूरी पर इप्का गेस्ट हाउस के पीछे मिला। जिस स्थान पर शव मिला है, उसके पीछे रेलवे की इंदौर रेल लाइन भी गुजरती है। मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। मृतक ने काले रंग की पैंट और टी-शर्ट पहन रखी थी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया।



### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

दोपहर तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है और इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्र जादौन ने बताया कि मृतक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मॉनिटर लिजार्ड (गोह) के अवशेष बेच रहे थे 3 तस्कर–मंदसौर वन विभाग ने नेहरू बस स्टैंड से किया गिरफ्तार, 19 हत्था जोड़ी बरामद

मंदसौर। वन विभाग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मॉनिटर लिजार्ड (गोह) के अवशेष, जिन्हें हत्था जोड़ी के नाम से जाना जाता है, की अवैध बिक्री करते तीन लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 19 नग हत्था जोड़ी बरामद की गई। तीनों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 15 जुलाई 2026 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वन विभाग को वनमंडलाधिकारी के माध्यम से सूचना मिली थी कि नेहरू बस स्टैंड स्थित नेहरू पार्क गेट के पास वन्यजीवों के अवशेषों की अवैध बिक्री हो रही है। सूचना मिलते ही एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर एक महिला और दो पुरुषों को पकड़ लिया।



तीनों आरोपी रूपावली गांव के निवासी-गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरेश सिंह (54) पिता मलेसिंह पारदी, करोल सिंह (36) पिता मुछालसिंह पारदी और भारतबाई (52) पति सुरेश पारदी के रूप में हुई है। तीनों मंदसौर जिले के ग्राम रूपावली, पोस्ट साबाखेड़ा के निवासी हैं।

### संरक्षित वन्यजीव है मॉनिटर लिजार्ड

वन विभाग के अनुसार, मॉनिटर लिजार्ड (गोह) वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की प्रथम अनुसूची में शामिल संरक्षित वन्यजीव है। इसका शिकार करना, व्यापार करना या इसके अंगों की खरीद-फरोख्त करना कानूनन अपराध है। आरोपियों के खिलाफ परिक्षेत्र मंदसौर में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 3832/16 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। विभाग ने बताया कि ऐसे मामलों में 3 से 7 वर्ष तक की सजा और न्यूनतम 25 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### हत्था जोड़ी क्या है?

हत्था जोड़ी असल में कोई चमत्कारी वनस्पति या पौधा नहीं है, बल्कि यह संकटग्रस्त वन्यजीव मॉनिटर लिजर्ड (गोह) के नर जननांग (हेमीपेनिस) होते हैं। तांत्रिक अनुष्ठान, वशीकरण, भाग्य चमकाने और धन समृद्धि के नाम पर फैले अंधविश्वास के कारण इस बेकसूर जानवर का बेरहमी से शिकार किया जाता है। इसके अंगों को सुखाकर बाजारों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर धोखे से बेचा जाता है।

# भानपुरा पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति आमजन को किया गया जागरूक

**भानपुरा। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक जिला मंदसौर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत थाना भानपुरा पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से आमजन एवं छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।**

थाना प्रभारी आर सी डागी के निर्देशन में पुलिस टीम सब इंस्पेक्टर बापू सिंह बामनिया असिस्टेंट सबइंस्पेक्टर प्रेम दास अटोलिया और स्पेशल ब्रांच रामनिवास बेगाना ने साइबर फ्रॉड, फर्जी कॉल, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ओटीपी एवं बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### जिसमें विशेष योगदान भानपुरा पलिक स्कूल

और प्रिंसिपल मति मंडा मताई साथ ही शिक्षक प्रिया वाधवा,, श्यामलाल मेहरा,, चांदनी मंसूरी ,,साकिर खान और नमन बैरागी का रहा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी नागरिकों एवं विद्यार्थियों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन अथवा www.cybercrime.gov.in (http://www.cybercrime.gov.in) पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं एवं निकटतम पुलिस थाना से संपर्क करें।



थाना भानपुरा पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि सतर्क रहें, सुरक्षित रहें तथा स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करें।

SEBI Reg. 2100274304
17 वर्षों से आपकी सेवा में
THE MONEY MAKER
INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES
NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized
हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉंड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।
संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स
डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे
संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941



समस्या अनेक समाधान एक
अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर
ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD
आपके लिए लाया है
GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation
की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...
पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001
Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306